# निदेशालय : उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन
# परिसर : राजकीय आईटीआई अलीगंज

पत्रांकः 2318 / कौ0वि0मि0 / 2023–24 / आईबीएम / 2249
लखनऊ, दिनांक 20 सितम्बर, 2023

सेवा में,

समस्त जिला समन्वयक,
जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः– IBM की Implementing Partner REACHA टीम के माध्यम से युवाओं को निःशुल्क ऑनलाइन रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण सुविधा प्रदान करने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।**

**महोदय,**

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा आईबीएम के साथ एक अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया है, जिसके अन्तर्गत आईबीएम स्किल्स बिल्ड की Implementing Partner REACHA टीम के प्रतिनिधियों के द्वारा प्रत्येक जनपद में ओरियेंटेशन सेशन का आयोजन किया जाना है। इन सेशन्स के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क ऑनलाइन रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में Core Skills के साथ Soft Skills से सम्बन्धित विषयों जैसे– Personality Dynamics, Communication Skills, Professional Skills, Career Planning, Entrepreneurship, Cyber Security, Artificial Intelligence, Cloud Computing एवं Data Science इत्यादि विषयों पर भी जानकारी प्रदान की जायेगी।

कार्यक्रम में ऋचा संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा स्किल्स बिल्ड पोर्टल के विषय में तथा पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों व उनमें पंजीकृत होने सम्बन्धी प्रक्रिया की जानकारी दी जायेगी।

आईटी क्षेत्र के उक्त कोर्सेस उद्योगों की वर्तमान प्राथमिकताओं व आवश्यकताओं के आधार पर ही संकल्पित व संरचित किये गये हैं, जिससे युवाओं को रोजगार के बेहतर विकल्प उपलब्ध हो सकते हैं। ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपलब्धता से युवा अपनी रूचि व आवश्यकता के अनुसार किसी भी स्थान से, किसी भी समय अध्ययन कर सकेंगें तथा प्रमाण पत्र अर्जित कर सकेंगें।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषय में प्रशिक्षणार्थियों को अपेक्षित जानकारी प्रदान करना तथा ऋचा संस्था से समन्वय व संवाद हेतु प्रत्येक जनपद में एकल सम्पर्क बिन्दु (SPoC) निर्धारित किया जाना है।

अतः आईबीएम स्किल्स बिल्ड प्रोग्राम के लिए ऋचा संस्था के साथ समन्वय तथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने हेतु प्रत्येक जनपद के जिला समन्वयक (SPOC) नामित किये जाते है।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु श्री विजय प्रकाश, Lead Outreach & Operations, ऋचा (मो0–9044670070) द्वारा आपसे सम्पर्क किया जायेगा जिसमें आपके स्तर से यथासम्भव सहयोग प्रदान किया जाना अपेक्षित है।

संस्था द्वारा उक्त प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। अतः आपसे अनुरोध है कि संस्था IBM की Implementing Partner REACHA टीम के माध्यम से जिले के प्रशिक्षण केन्द्रों से अधिक से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अपने स्तर से यथोचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

Scanned with OKEN Scanner

प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पोर्टल पर पंजीकरण करने के पश्चात् ऑनलाइन ओरियंटेशन सेशन की तिथि एवं अन्य जानकारी ऋचा संस्था द्वारा संबंधित समन्वयक एवं प्रशिक्षण केन्द्रों को उपलब्ध करायी जायेगी। इस कार्यक्रम के तहत **'Access to Employability'** के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से संभावित कंपनियों की पहचान कर सक्रिय प्रशिक्षणार्थियों एवं योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर के लिए समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाना है। ऋचा द्वारा आवश्यक मूल्यांकन और मानदंडों को पूरा किये जाने पर योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर के लिए सहयोग प्रदान किया जायेगा। इन रोजगार मेलों में आपके स्तर से यथा सम्भव सहयोग प्रदान किया जाना अपेक्षित है।

भवदीय,

(मयंक गंगवार)
उप निदेशक

संख्या: /उ0प्र0कौ0वि0मि0/2022-23/आईबीएम/2249 तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. मिशन निदेशक महोदय को सादर सूचनार्थ।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त एमआईएस मैनेजर को संस्था प्रतिनिधि से समन्वय स्थापित कर सहयोग प्रदान करने के आशय से।
5. श्री निखिल पंत, CEO, REACHA
6. श्री हितेश गोयल, Head- Projects & Partnerships, REACHA
7. श्री विजय प्रकाश, Lead Outreach & Operations, REACHA
8. एमजीएनएफ फेलो को इस आशय के साथ कि आईबीएम द्वारा युवाओं को आईटी क्षेत्र से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में निःशुल्क ऑनलाइन रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण सुविधा प्रदान किये के सम्बन्ध में अपेक्षित सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।

(मयंक गंगवार)
उप निदेशक

Scanned with OKEN Scanner

प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पोर्टल पर पंजीकरण करने के पश्चात् ऑनलाइन ओरियंटेशन सेशन की तिथि एवं अन्य जानकारी ऋचा संस्था द्वारा संबंधित समन्वयक एवं प्रशिक्षण केन्द्रों को उपलब्ध करायी जायेगी। इस कार्यक्रम के तहत **'Access to Employability'** के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से संभावित कंपनियों की पहचान कर सक्रिय प्रशिक्षणार्थियों एवं योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर के लिए समय–समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाना है। ऋचा द्वारा आवश्यक मूल्यांकन और मानदंडों को पूरा किये जाने पर योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर के लिए सहयोग प्रदान किया जायेगा। इन रोजगार मेलों में आपके स्तर से यथा सम्भव सहयोग प्रदान किया जाना अपेक्षित है।

भवदीय

(मयंक गंगवार)
उप निदेशक

**संख्याः 2318 / उ0प्र0कौ0वि0मि0 / 2022–23 / आईबीएम / 2249** **तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मिशन निदेशक महोदय को सादर सूचनार्थ।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त एमआईएस मैनेजर को संस्था प्रतिनिधि से समन्वय स्थापित कर सहयोग प्रदान करने के आशय से।
5. श्री निखिल पंत, CEO, REACHA
6. श्री हितेश गोयल, Head- Projects & Partnerships, REACHA
7. श्री विजय प्रकाश, Lead Outreach & Operations, REACHA
8. एमजीएनएफ फेलो को इस आशय के साथ कि आईबीएम द्वारा युवाओं को आईटी क्षेत्र से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में निःशुल्क ऑनलाइन रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण सुविधा प्रदान किये के सम्बन्ध में अपेक्षित सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।

(मयंक गंगवार)
उप निदेशक

Scanned with OKEN Scanner